# कक्षा 7

नाम : ..........................................................................

कक्षा : ..........................................................

वर्ग : .......................................................



# एक्सपर्ट बुक

## भाग 1

LEAD

**Head Office**
Unit #401, B Wing, Business Square,
Andheri Kurla Road, Chakala,
Andheri East, Mumbai - 400093, India

# अभिभावकों के लिए आवश्यक बिंदु

**लीड कक्षा 7 पाठ्यक्रम की विशेषताएँ**

- लीड समेकित पद्धति में कक्षा 6 से एन.सी.ई.आर.टी. की पाठ्यपुस्तक शामिल है।
- कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में सफल होने हेतु पाठ्यक्रम को प्राथमिक कक्षाओं से ही इस प्रकार निर्मित किया गया है, जिससे विद्यार्थी आसानी से सफलता प्राप्त कर सकते हैं।
- लीड समेकित पद्धति विद्यार्थी को स्कूल तथा घर में स्वयं सीखने में सक्षम बनाता है।

**लीड कक्षा 7 पाठ्यक्रम का उद्देश्य**


- सभी विषयों के प्रति गहरी समझ का निर्माण करना।
- विद्यार्थियों द्वारा सीखी गई अवधारणाओं को जीवन में लागू करने में मदद करना।
- विद्यार्थियों को वर्णनात्मक प्रश्नों का उत्तर देने में सक्षम बनाना।

भाषा एक ऐसा माध्यम है, जिसका उपयोग हम अपने भावों को व्यक्त करने और दूसरों के साथ संवाद करने के लिए करते हैं। हम इसके द्वारा अपने आस-पास की दुनिया के बारे में सोचते हैं, इसके अनुसार कार्य करते हैं और इससे जुड़ते हैं। इस प्रकार विद्यार्थियों में भाषा के सभी कौशलों को एक श्रृंखला के रूप में पढ़ाना, अवधारणाओं के एक समूह के रूप में पढ़ाने से अधिक सहायक है।

लीड में, हमारा दृष्टिकोण उन महत्वपूर्ण कौशलों की पहचान करना है, जिससे आपके बच्चे में हिंदी भाषा को समझने, बोलने, लिखने और पढ़ने की योग्यताओं का विकास हो। आइए, देखते हैं कि एक सामान्य कक्षा और एक लीड कक्षा में पाठ किस प्रकार भिन्न होंगे—

**सामान्य कक्षा ( निबंध को पढ़ाना )**

- शिक्षक या विद्यार्थी कक्षा में निबंध को ज़ोर से पढ़ेंगे।
- शिक्षक द्वारा की गई व्याख्या के आधार पर विद्यार्थी निबंध का अर्थ समझेंगे, यह व्याख्या सभी निबंधों के लिए समान रूप से प्रभावी नहीं हो सकती।
- शिक्षक छात्रों को केवल पाठ्यपुस्तक के प्रश्नों के उत्तर प्रदान करेंगे। कभी-कभी कक्षा में उत्तरों पर चर्चा की जा सकती है।
- परीक्षा में विद्यार्थियों को प्रश्नों को समझकर उनका उत्तर देना होगा। उनमें से कुछ प्रश्न ऐसे हो सकते हैं, जिनके उत्तर वे नहीं दे पाएँ।
- निबंध के साथ व्याकरण, वाचन और श्रवण तथा लेखन, इन सभी का समंवय नहीं हो पाता है, इसलिए इनको समझने में कठिनाई होती है।






**लीड कक्षा ( निबंध को पढ़ाना )**

- विद्यार्थी कई विधियों का उपयोग करके निबंध के पहले और दूसरे पठन में संलग्न होंगे।
- विद्यार्थी विभिन्न विधियों का उपयोग करके निबंध के अर्थ का निर्माण करेंगे; जैसे— अवलोकन करना, मुख्य बिंदुओं को लिखना, संबंध स्थापित करना ताकि दूसरे निबंधों का भी चिंतन कर सकें।
- शिक्षक विद्यार्थियों से ऐसे प्रश्न पूछेंगे, जिससे उनके मस्तिष्क का पूर्ण विकास होगा, इससे उनका चिंतन विकसित होगा। इस प्रकार वे विविध प्रश्नों के उत्तर स्वयं दे सकेंगे।
- विद्यार्थी समझकर उत्तर लिखना सीख जाएँगे, जिससे वे परीक्षाओं में सभी प्रकार के उत्तर लिखने में सक्षम होंगे।
- निबंध के साथ व्याकरण, वाचन और श्रवण तथा लेखन, इन सभी का समंवय हो पाता है, इसलिए इनको समझना आसान होता है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपका बच्चा आसानी से प्रत्येक प्रकार की विधा में प्रवीणता प्राप्त कर सके, हम एक ही विधा की रचनाओं को, एक इकाई के रूप में पढ़ाते हैं। यह आपके बच्चों को भ्रम से बचाता है और उनका ध्यान केंद्रित करता है, ताकि वे दैनिक जीवन में आत्मविश्वास से हिंदी का उपयोग सशक्त रूप से कर सकें।

# वार्षिक पाठ-योजना

| भाग 1 | इकाई का नाम | इकाई | NCERT पाठ क्रमांक |
|---|---|---|---|
|  | **कथेतर साहित्य**<br>विद्यार्थियों को कथेतर साहित्य से परिचित कराती है तथा पाठ का पूर्वावलोकन करते हुए निबंध और निबंध के प्रकार को समझते हुए, उसके मुख्य विचार को समझने जैसे कौशल को विकसित करती है। | इकाई 1 | वसंत : पाठ 14, 6, और 10<br>बाल महाभारत कथा : पाठ 1 से 4 |
|  | **कथा साहित्य**<br>कहानी तथा नाटक के तत्वों को समझकर स्वयं से जोड़ने के कौशल को विकसित करती है। | इकाई 2 | वसंत : पाठ 5, 9 और 7<br>बाल महाभारत कथा : पाठ 5 से 9 |
|  | **कविता**<br>कविता की सामान्य तथा भाषागत विशेषताओ से परिचित कराती है और चरणबद्ध व्याख्या करने के कौशल को विकसित करती है। | इकाई 3 | वसंत : पाठ 4, 1 और 20<br>बाल महाभारत कथा : पाठ 4 |
|  | **कथेतर साहित्य**<br>विद्यार्थियों को रेखाचित्र की विशेषताओं और पात्रो के चरित्रों से परिचित कराती है। | इकाई 4 | वसंत : पाठ 15, 17 और 18<br>बाल महाभारत कथा : पाठ 15 से 17 |

| भाग 2 | इकाई का नाम | इकाई | NCERT पाठ क्रमांक |
|---|---|---|---|
|  | **कथा साहित्य**<br>विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की काल्पनिक कहानियों को पढ़ने और पात्रों और घटनाओं के विश्लेषण को गहराई से जानने का अवसर प्रदान करती है। | इकाई 5 | वसंत : पाठ 2 और 12<br>बाल महाभारत कथा : पाठ 18 से 24 |
|  | **कविता**<br>कविता के भाव, उद्देश्य और संदेश को समझने की क्षमता का विकास करती है। | इकाई 6 | वसंत : पाठ 8, 11,13 और 16<br>बाल महाभारत कथा : पाठ 25 से 32 |
|  | **कथेतर साहित्य**<br>अकाल्पनिक रचनाओं के प्रति विद्यार्थियों की समझ को दृढ़ता प्रदान करती है। | इकाई 7 | वसंत : पाठ 3 और 19<br>बाल महाभारत कथा : पाठ 33 से 40 |

NCERT द्वारा दो पुस्तकें निर्धारित की गई हैं— वसंत (भाग 2) एवं बाल महाभारत कथा

# हिंदी – भाग 1


**विषय-तालिका** | **पृष्ठ संख्या**


| | |
|---|---|
| वार्षिक पाठ-योजना | 03 |
| इकाई 1 | 05 |
| इकाई 2 | 32 |
| इकाई 3 | 66 |
| इकाई 4 | 95 |











यह ‘एक्सपर्ट बुक’ तीन प्रमुख उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए तैयार की गई है—

1. एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (NCERT Textbook) में दिए गए सिद्धांतों एवं अवधारणाओं को सरल तरीके से समझने के लिए।
2. अवधारणाओं की बेहतर समझ हेतु अतिरिक्त जानकारी के लिए।
3. अतिरिक्त प्रश्नों के अभ्यास और उच्च चिंतन-कौशल (HOTS) द्वारा ज्ञान को बढ़ाने के लिए।
   (उच्च चिंतन-कौशल से संबंधित प्रश्नों के लिए आइकन का प्रयोग किया गया है।)

इस ‘एक्सपर्ट बुक’ का उपयोग शिक्षक की सलाह से कक्षा में या घर पर अभ्यास के लिए किया जाना चाहिए।

एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक को पढ़कर समझने में कठिनाई होने पर विद्यार्थी इस ‘एक्सपर्ट बुक’ का उपयोग कर सकते हैं। परीक्षा की तैयारी के लिए भी इसका उपयोग किया जा सकता है।